राष्ट्र धर्म भी धर्म का एक अंग

प्रो. (डॉ.) सोहन राज तातेड़,

पूर्व कुलपति सिंघानिया विश्वविद्यालय, राजस्थान

धर्म का अर्थ है वस्तु का स्वभाव। जिसमें धारण करने की शक्ति है वह धर्म है। धर्म के द्वारा आत्मा को पवित्र किया जाता है। जैसे व्यक्ति का या वस्तु का अपना–अपना धर्म है। वैसे राष्ट्र का भी अपना धर्म है। राष्ट्र धर्म व्यक्तिगत धर्म से ऊपर है। यदि राष्ट्र सुरक्षित रहेगा तभी व्यक्ति सुरक्षित रह सकता है। भारत एक धर्म प्रधान देश है। धर्म प्रधान होने से मानस की शुद्धि होती है। प्रमुख धर्म है अहिंसा। भारत अहिंसा प्रधान देश है। अहिंसा परमोधर्मः अर्थात् अहिंसा ही प्रधान धर्म है। अहिंसा का पालन करना मानव का कर्त्तव्य है। राष्ट्रधर्म की रक्षा करना सभी भारत वासियों का कर्त्तव्य है। सैनिक अर्धसैनिक बल और प्रान्तिय पुलिस के जवान प्राणों की परवाह न करके देश की रक्षा करने में लगे रहते हैं। उनके लिए राष्ट्र धर्म सर्वोपरि है। सीमाओं की सुरक्षा में दिन–रात वे लगे रहते है। उनका ध्यान सदैव इस पर लगा रहता है कि कोई भी बाहरी देश का नागरिक या आतंकवादी हमारे देश की सीमा में न आवें। अपने इस कर्त्तव्य का पालन करते हुए वे सदैव सजग रहते हैं। देश के महापुरुषों का भी यह कर्त्तव्य है कि राष्ट्र धर्म का पालन करते हुए देश में शांति और सुव्यवस्था बनाये रखने के लिए सदुपदेश के माध्यम से लोगों को सजग करें। भारत विभिन्नताओं का देश है। यहां पर सभी धर्मों और सम्प्रदायों के लोग अपनी–अपनी मान्यता के अनुसार धर्म का पालन करते हुए राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि मानते हैं। राष्ट्रहित की भावना यहां कण–कण में समाहित है। जगत् कल्याण की भावना एक बहुत ही अच्छी भावना है। वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना इससे जुड़ी हुई है। मानव जीवन बहुत ही बहुमूल्य है। संसार में जितने ही प्राणी हैं उसमें मानव ही सर्वश्रेष्ठ है। अतः संसार के हितचिंतन की बात सोचना सबसे अधिक मानव का उत्तरदायित्व है। मानव ही संसार को स्वर्ग बना सकता है और अपने बुरे कामों से इसको नरक भी बना सकता है। यह मानव तन ईश्वर सत्संग के लिए प्राप्त हुआ है। ईश्वर में आस्था रखना,

पुरुषार्थ चतुष्ट्य का पालन करना, धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष के अनुसार जीवन व्यतीत करना, अहिंसा का आचरण करना, और बहुजन हिताय और बहुजन सुखाय की कामना करना, मानव जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। मानव को जीवन में प्रमाद नहीं करना चाहिए।

जीवन में निवृत्ति और प्रवृत्ति दो मार्ग है। सांसारिक विषय भोगों से बचना ही निवृत्ति है। भारतीय संस्कृति में कहा गया है कि सबको अपना जीवन प्रिय है। अतः न किसी को मारें, न किसी पर शासन करें, न किसी को दास बनाएं, न किसी को परिताप दें और न किसी का प्राण वियोजन करें। प्राचीनकाल में इसका जो महत्त्व था आज उससे कहीं अधिक महत्त्व है, क्योंकि उस समय हिंसा के साधन उतने व्यापक नहीं थे, किन्तु आज के युग में परमाणविक अस्त्र–शस्त्रों का प्रयोग मानव–संस्कृति के सारे विकास को पलक झपकते ही नष्ट कर सकता है। शोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए अपरिग्रह सिद्धान्त का आचरण आवश्यक है। अतः व्यक्ति के जीवन दर्शन में अहिंसा का प्रमुखतम स्थान है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने जीवन में अहिंसा का पालन किया। अहिंसा उनके लिए जीवन का आधार थी। अहिंसा के बल पर उन्होंने अंग्रेजी शासन से भारत को मुक्त करा लिया। उनका विश्वास था कि जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से नहीं जुड़ता, तब तक सम्यक् विकास नहीं हो सकता। उन्होंने छुआछूत, गरीबी, ऊँच–नीच आदि को दूर करने के लिए जीवन भर प्रयास किया। महात्मा गांधी ने जगत् कल्याण के लिए सर्वोदय, ट्रस्टीशिप, सत्याग्रह, उपवास और सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाया। उनका मानना था कि समाज के धनी व्यक्ति धन को व्यक्तिगत न मानकर ट्रस्टी के रूप में कार्य करें और आश्यकतानुसार समाज के लोगों पर खर्च करे तभी धन का सदुपयोग है।

महात्मा गांधी सर्वधर्म समभाव में विश्वास करते थे। सर्वधर्म प्रार्थना सभा किया करते थे। सर्व धर्म समभाव अर्थात् सभी धर्मों के साथ समान रूप से व्यवहार करना। जगत कल्याण के लिए समभाव आवश्यक है। धर्म का मतलब है जो प्रजा के हित को धारण करे वही धर्म है। समभाव का तात्पर्य है आदर का भाव। अतः सर्व धर्म समभाव का अर्थ है सभी धर्मों के प्रति आदर का भाव। अनेकता में एकता भारत की सबसे बड़ी विशेषता है। यहां पर हिन्दू, बौद्ध, जैन, सिक्ख, ईसाई, मुस्लिम, पारसी आदि अनेक धर्मों के लोग रहते है। सभी की पूजा पद्धति अलग–अलग

है। अपने आस्था और विश्वास के आधार पर सहिष्णुता पूर्वक धर्म में आस्था व्यक्त करते हैं। आचार सम्पन्न व्यक्ति का ही जीवन परिष्कृत एवं व्यवस्थित होता है। आचार के आधार पर अवलम्बित विचार जीवन का परिष्कारक होता है। मानव–मानव से प्रेम सबसे बड़ा धर्म है। धर्म में बहुजन हिताय ओर बहुजन सुखाय की कामना की जाती है। भारतीय धर्म की यह विशेषता रही है कि अनेक आक्रान्ता इस धर्म को नष्ट करने का प्रयास किये किन्तु यह धर्म इतना उदारवादी था कि सब इसीमें समाहित हो गये। इसका मूल कारण है भारतीय धर्म अहिंसावादी है। अहिंसा का तात्पर्य है मन, वचन, काया से किसी को दुःख न देना। सबके साथ प्रेम का व्यवहार करना, सबके साथ सहिष्णुता का व्यवहार करना, सबके साथ समानता का व्यवहार करना इस धर्म के मूल में है। यहां गुणों की पूजा होती है व्यक्ति की नहीं। वैदिक दर्शन में सर्वे भवन्तु सुखिनः का सिद्धान्त लोक कल्याण का सिद्धान्त है। इसमें लोकहित की कामना की गयी है।